कार्यालय
क्षेत्र संचालक, पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना (म० प्र०)
Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr@rediffmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

प्रेस नोट

वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम एवं न्यायालीयन प्रक्रिया के सम्बन्ध में वन अधिकारियों का प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

वन्य प्राणी प्रकरणों में विधिक ज्ञान एवं न्यायालयीन प्रक्रिया के बारे में परिक्षेत्र सहायक स्तर से लेकर समस्त वनाधिकारियों का प्रशिक्षण दिनांक 30 एवं 31.8.2010 को पन्ना टाईगर रिजर्व के द्वारा कर्णावती प्रकृति व्याख्या केन्द्र मड़ला में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला में पन्ना टाईगर रिजर्व के मैदानी वनाधिकारियों के अतिरिक्त पन्ना टाईगर रिजर्व के सीमावर्ती वन मण्डलों में से पन्ना जिले के परिक्षेत्र अमानगंज, पन्ना व विश्रामगंज तथा छतरपुर जिले के परिक्षेत्र किशनगढ़ व छतरपुर के वनाधिकारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री अरुण कुमार, भा.व.से., मुख्य वन संरक्षक छतरपुर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में वन मण्डलाधिकारी दक्षिण पन्ना एवं वन मण्डलाधिकारी छतरपुर ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण के संकाय के रूप में पन्ना टाईगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक श्री आर. श्रीनिवास मूर्ति एवं कटनी जिले से सुश्री मंजुला श्रीवास्तव, अधिवक्ता वन्य प्राणी प्रकरणों से सम्बन्धित तकनीकी व विधिक पहलुओं के बारे में प्रकाश डाला। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में सभी प्रशिक्षणार्थी वन अधिकारियों को प्रशिक्षण के उपरान्त 4 समूहों में बांट कर उन्हें एक–एक प्रकरण स्टडी के रूप में दिया गया जिसके आधार पर उन्हें सम्पूर्ण प्रकरणों के दस्तावेज बना कर सम्बन्धित समूहों द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। यह प्रशिक्षण इंटलीजेंस, एवं विधिक सेल पन्ना टाईगर रिजर्व के तत्वावधान में आयोजित किया गया जिसका सीधा लाभ वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय पहल होगी। इस प्रशिक्षण में कुल 54 वन अधिकारियों ने भाग लिया।

दिनांक– 31.5.2010

क्षेत्र संचालक,
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना